हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री


14 शिक्षा, विकास और सुशासन से बदलेगी क्षेत्र की ...


14 छात्रों का बैंकिंग शैक्षणिक भ्रमण, ...



## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द के नवाचार को विधायक ने सराहा



**छुईहा बेलर/फिंगेश्वर।** प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा विद्यालय परिसर के सतत विकास हेतु किए जा रहे नवाचारों का अवलोकन विधायक रोहित साहू जी द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों में रचनात्मकता, अनुशासन एवं शिक्षण-अधिगम वातावरण में सुधार के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। विधायक ने कहा कि प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द द्वारा किए जा रहे ये प्रयास अन्य शालाओं के लिए भी प्रेरणादायी हैं। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रभारी प्रधान पाठक राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन सिन्हा का योगदान प्रशंसनीय है। शाला को बेहतर करने का कार्य जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया तथा आवश्यक सहयोग देने की बात कही।

### बकतरा के सूने मकान से लाखों के सामान की चोरी

**अभनपुर।** सिंचाई कॉलोनी बकतरा में रहने वाले दुर्गेश सिन्हा के बंद मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों का सामान पार कर दिया। प्रार्थी दुर्गेश सिन्हा, जो खाद्य विभाग में कार्यरत हैं, घर मे ताला बंद कर परिवार सहित 3 दिसंबर की सुबह अपने बड़े भाई के शादी कार्यक्रम में रायपुर गए हुये थे। 5 दिसंबर की सुबह करीब 8.30 बजे पड़ोसी सरस्वती साहू ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर का पीछे का दरवाजा खुला है और मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ दिख रहा है। घर पहुंचकर जब उन्होंने मुख्य गेट का ताला खोला तो पाया कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो आलमारी खुली पड़ी थी और दूसरे कमरे में रखी पेटी का ताला भी टूटा मिला। परिवार के अनुसार, आलमारी और पेटी में रखे सोने का ईयरिंग एक जोड़ी, गले की पत्ती 7 नग, लॉकेट 2 नग, चांदी की पायल 4 जोड़ी, चांदी की चैन 3 नग, चांदी के सिक्के 4 नग, चांदी की कटोरी-चम्मच, कांसे का लोटा-थाली तथा करीब 2 हजार रुपये नकद सहित लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये का सामान चोरी हो गया। प्रार्थी ने थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम अछोली में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कामता साहू पिता सुनहर साहू ने बताया कि 4 दिसंबर की रात आठ बजे प्रदीप निषाद व संजूराम निषाद द्वारा अंडा ठेला लगाया गया था। वहीं पर घांसीराम साहू के घर के सामने रोड में घांसीराम के साथ बातचीत कर रहा था, तभी घांसीराम साहू की पत्नी उमा बाई बोली कि ये लोग हमेशा गाली देते रहते है इस पर उसने उन लोगों को गाली मत दिया करो कहा। इतने में दोनों भाई प्रदीप व संजू द्वारा दुकान से निकलकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।
वहीं दूसरे पक्ष के प्रदीप निषाद ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना शाम को अपने गांव में अंडा ठेला लगाकर बेचने का काम करता हूं। 4 दिसंबर की रात्रि करीब 7.30 बजे कामता साहू पिता सुनहर साहू उसके अंडा ठेला में आया और वहीं पास में बैठकर उससे कहने लगा कि यहीं पर अश्लील गाली गलौज करूंगा, इस पर उसने कहा कि यहां क्यों गाली गलौज करोगे अपने घर में जाकर गाली गलौज करो। यह कहने पर वह गाली देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा।

# अनुविभाग स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में समस्या बताने उमड़े ग्रामीण

## एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने कई मामलों का मौके पर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏩ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्रामो में अनुविभाग स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 05 दिसंबर से 02 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को मैनपुर से 22 किमी दूर ग्राम शोभा में अनुविभाग स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से एसडीएम मैनपुर डॉ तुलसीदास मरकाम, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, राजापड़ाव क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व सैकडो की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे।

आयोजित शिविर में 77 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से खंड स्तरीय आवेदनों का तत्कालीन निराकरण भी किया गया।

उपयुक्त शिविर के प्रभारी मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी डॉ. तुलसीदास मरकाम ने कहा कि गरियाबंद कलेक्टर के निर्देशानुसार मैनपुर अनुविभाग के जनमानस के समस्याओं के समाधान के लिए अनुविभाग स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अनुविभागध्ब्लॉक के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे थे फिर भी जिनकी उपस्थिति नहीं थी अनुपस्थित स्थानीय अधिकारियो को कारण बताओं नोटिस जारी किया जा रहा है शिविर के दौरान जो उच्च स्तर की मांगे हैं उसे आला अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### जन समस्या निवारण शिविर रहा सफल: एसडीएम

मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम ने कहा कि जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन सत प्रतिशत सफल रहा। शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है अंतिम लक्ष्य है। शिविर में भी मांगपत्र मिला है उसे संबंधित विभाग को भेजकर पूरा किया जायेगा साथ ही ग्रामीणों के समस्याओ के समाधान के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत सीईओ सुश्री श्वेता वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव, एडिशनल सीईओ डी एस नागवंशी, तहसीलदार रमेश मेहता, बीएमओ डॉ गजेन्द्र ध्रुव, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी पी आर ठाकुर, समेत सभी विभाग के विभागीय अधिकारी कर्मचारी गण, क्षेत्र के सरपंच पंच जनपद सदस्य ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अपडेट : एआई आधारित हाथी अलर्ट ऐप से तीन वर्ष में मानव-हानि घटी, मुआवजा बोझ भी कम

# उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के दो नवाचार राज्य सरकार के सुशासन मॉडल में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏩ गरियाबंद/मैनपुर

छत्तीसगढ़ के नागरिक-केंद्रित शासन में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अक्टूबर 2025 में माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित सुशासन संवाद सम्मेलन के दौरान, यूएसटीआर की दो प्रमुख पहलों को राज्य के नौ सुशासन नवाचारों में शामिल किया गया है, जिन्हें पूरे राज्य में लागू करने के लिए चुना गया है। इस कार्यक्रम में वन, पुलिस और प्रशासन जैसे विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। वर्ष 2023 में यूएसटीआर में लॉन्च किया गया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-संचालित छत्तीसगढ़ हाथी ट्रैकिंग और अलर्ट ऐपत, मानव-हाथी संघर्ष को कम करने में अत्यधिक सफल रहा है।

- रिमोट सेंसिंग–ड्रोन पोर्टल से 750 हेक्टेयर जंगल अतिक्रमण मुक्त, 450 करोड़ की वन संपदा संरक्षित

यह ऐप हाथियों पर नज़र रखने के लिए एआई को मानव पैदल गश्त के साथ जोड़ता है और ग्रामीणों को लगभग वास्तविक समय (नियर रियल टाइम) में वॉयस, एसएमएस और व्हाट्सएप अलर्ट भेजता है।इस ऐप के उपयोग के बाद से पिछले तीन वर्षों में जन-हानि की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है, जो केवल 2 तक सीमित है। यूएसटीआर में लगभग 40 हाथियों और 120 गांवों ⏩ शेष पेज 12 पर

### क्या कहते हैं अफसर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने चर्चा में बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के हाथी अलर्ट एप और रिमोट सेंसिंग ड्रोन मैपिंग पोर्टल को छत्तीसगढ़ के 09 सुशासन नवाचारो में शामिल किया गया है इसके माध्यम से जहां जनहानि में कमी आई है वही अतिक्रमण हटाने और ओड़िशा सीमा से लगे जंगलो की सुरक्षा में काफी मदद मिली है।




### हाथी और मानवद्वंद में आई कमी, वनों की सुरक्षा के लिए कारगर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व का हाथी अलर्ट ऐप और रिमोट सेंसिंग-ड्रोन मैपिंग पोर्टल छत्तीसगढ़ के 9 सुशासन नवाचारों में शामिल दुर्लभ और लुप्तप्राय वन्यजीव प्रजातियों के निवास के रूप में प्रसिद्ध उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने नागरिक-केंद्रित और पर्यावरण-केंद्रित शासन में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। अक्टूबर 2025 में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित सुशासन संवाद सम्मेलन के दौरान, टाइगर रिजर्व की दो पहलों को राज्य भर में विस्तार हेतु नौ सुशासन नवाचारों में शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभाग वन, पुलिस और प्रशासन उपस्थित थे। वर्ष 2023 में यूएसटीआर में लॉन्च किया गया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) संचालित छत्तीसगढ़ हाथी ट्रैकिंग और अलर्ट ऐप गजसंकेत हाथियों पर नजर रखने और ग्रामीणों को सचेत करने में मददगार साबित हुआ है, जिससे मानव-हाथी संघर्ष में उल्लेखनीय कमी आई है। छत्तीसगढ़ वन विभाग ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और कर्नाटक राज्यों को राज्य विशिष्ट संशोधनों के साथ इस ऐप को अपनाने के लिए मार्गदर्शन दिया है।

### वन प्रबंधन में प्रौद्योगिकी रिमोट सेंसिंग और ड्रोन मैपिंग पोर्टल

यूएसटीआर का दूसरा नवाचार गूगल अर्थ इंजन आधारित रिमोट सेंसिंग और ड्रोन मैपिंग पोर्टल है, जो वन संसाधनों की निगरानी और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह पोर्टल छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के 10 किलोमीटर के सीमावर्ती क्षेत्रों की सैटेलाइट छवियों पर एआई-एमएल का उपयोग करके वन आवरण में कमी, अवैध कटाई और सतही जल हानि का पता लगाने में मदद करता है। अर्थ इंजन पोर्टल ने महानदी बेसिन में वन आवरण में बदलाव का पता लगाने में मदद की, जिसके बाद जमीनी स्तर पर जाँच और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से 750 हेक्टेयर से अतिक्रमण हटाया गया (जिसका अधिकांश हिस्सा ओडिशा सीमा पर स्थित था)। इस हटी हुई जमीन का नेट प्रेजेंट वैल्यू लगभग 450 करोड़ रुपये है। पोर्टल ने 750 हेक्टेयर महानदी कैचमेंट क्षेत्र को बहाल (रेस्टोर) करने में मदद की है, जो एक महत्वपूर्ण वन्यजीव आवास और कार्बन सिंक भी है, जिससे देश को कार्बन पृथक्करण के अपने जलवायु लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिली है।

# शिक्षकों की लंबित मांगों व पंचायत चुनाव मानदेय भुगतान को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏩ रसेला

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन, जिला इकाई गरियाबंद द्वारा जिले के शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मानदेय भुगतान को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

- शिक्षक फेडरेशन की प्रमुख मांगें
- पंचायत ड्यूटी मानदेय के शीघ्र भुगतान की पुकार

फेडरेशन के जिलाध्यक्ष कुमेन्द्र कश्यप के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद को शिक्षकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया।

ज्ञापन में प्राथमिक शाला के प्रधानपाठकों की ई/टी संवर्ग में पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने, 1 अप्रैल की स्थिति में सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची शीघ्र प्रकाशित करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई।इसके साथ ही उच्च योग्यता की परीक्षा अनुमति आदेश से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, जी.पी.एफ. पासबुक संधारण हेतु विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करने, सेवा पुस्तिकाओं के सुरक्षित संधारण व कोष लेखा से शीघ्र शुद्धिकरण तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान में शीघ्रता लाने की मांग भी की गई।फेडरेशन ने शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने तथा एकल शिक्षकीय विद्यालयों में गौरव सेवा प्रदाताओं की शीघ्र नियुक्ति को भी आवश्यक बताते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर जोर दिया। इसी क्रम में फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर भगवान सिंह उईके से भेंट कर पंचायत चुनाव ड्यूटी ⏩ शेष पेज 12 पर

# शिक्षा मंत्री ने की खुटेरी हायर सेकंडरी के लिए भवन निर्माण की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏩ छुईहा बेलर

खुटेरी में हायर सेकंडरी स्कूल भवन की घोषणा पर सरपंच खुटेरी एवं ग्रामवासियो ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करने उनके निवास पहूंचे। ग्राम खुटेरी में विगत 10 वर्षो से संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल में भवन निर्माण नही होने के कारण मिडिल स्कूल व अतिरिक्त कमरा में कक्षाये संचालित हो रही है जिसके कारण छात्रों शिक्षकों व ग्रामवासियों को अध्ययन अध्यापन सम्बन्धी विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त सम्बन्ध में ग्रामवासियों द्वारा कई वर्षो से बार बार शाला भवन निर्माण की मांग किया जा रहा था किंतु इस पर उचित कार्यवाही नही किया जा रहा था। विगत दिनों ग्राम कौंदकेरा में आयोजित स्काउट गाइड शिविर में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के समक्ष ग्राम पंचायत खुटेरी के सरपंच ⏩ शेष पेज 12 पर

# देवगांव में जंगली सुअर के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩ बेलर छुईहा

क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मानव–वन्यजीव संघर्ष के बीच एक और गंभीर घटना सामने आई है। छुईहा बेलर वन परिक्षेत्र फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम देवगांव में मंगलवार 4 दिसंबर सुबह करीब 11 बजे बस्ती में अचानक घुसे जंगली सुअर ने ग्रामीण कमलनारायण साहू पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया।

- घायल किसान को वन विभाग ने दी तात्कालिक सहायता

हमले के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फिंगेश्वर पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के पश्चात स्थिति गंभीर होने पर उसे मेकाहारा, रायपुर रेफ़र कर दिया गया। बाद में परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल मित्तल, रायपुर ले गए, जहाँ उपचार जारी है। वन विभाग ने अख़बार के माध्यम से जानकारी मिलने पर वरिष्ठ ⏩ शेष पेज 12 पर



### मुआवज़ा और सहायता की सरकारी प्रक्रिया

जंगली जानवरों के हमलों से होने वाली क्षति पर वन विभाग इलाज का पूरा खर्च वहन करता है, जो कई बार लाखों रुपये तक पहुँच जाता है। गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल के बिलों का भुगतान विभाग द्वारा किया जाता है। मृत्यु होने की स्थिति में परिजनों को 4 लाख तक के मुआवज़े का प्रावधान है, जिसमें से एक भाग तुरंत और बाकी राशि फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में दी जाती है। तात्कालिक राहत अक्सर मुख्यमंत्री राहत कोष या अन्य सरकारी मदों से स्वीकृत की जाती है।

# रबी सीजन के लिए पानी की मांग किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏩ गरियाबंद

फिंगेश्वर क्षेत्र के पतोरा, गनियारी और परसदा गांवों के किसानों ने रबी सीजन में धान की फसल लगाने के लिए गनियारी जलाशय से पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला मुख्यालय पहुंचे और कलेक्टर को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में सरपंच सूरज भारती, ग्राम सभा अध्यक्ष नेतराम डहरिया, गोपाल नायक, प्रकाश साहू, दयाराम दिवान, मुकेश दिवान, हृदय दीवान, चुम्मन नायक, चंदर राम साहू सहित क्षेत्र के कई किसान प्रमुख रूप से शामिल थे।

- गनियारी जलाशय में पर्याप्त जलभराव के बावजूद नहरों में पानी नहीं छोड़े जाने का आरोप

किसानों का कहना है कि खरीफ़ सीजन 2025 में धान की पैदावार बहुत कम हुई है, किसान खरीफ सीजन में कर्ज में डूब गया है, जिसकी भरपाई करने रबी फसल लगाना चाहते हैं, वहीं गनियारी जलाशय में 19 फीट से अधिक जल भराव है।

क्षेत्र के तीन गांवों में लगभग 1200 एकड़ रकबे में रबी धान लगाने की तैयारी है, लेकिन सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध न होने से बोआई की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही। किसानों ⏩ शेष पेज 12 पर

## ओडिशा से हो रही अवैध धान तस्करी पर पुलिस का विशेष अभियान जारी

# देवभोग में 27 दिनों में 818.4 क्विंटल अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏩ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में लगातार ओड़िशा प्रदेश से अवैध रूप से ला रहे धान को पकड़ा जा रहा है आज फिर देवभोग पुलिस को धान पकड़ने में सफलता मिली है गरियाबंद पुलिस द्वारा दीगर राज्य से आने वाले अवैध धान परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध विगत 27 दिवस में 797.4 क्विंटल कीमती 24 लाख 71 हजार 940 हजार रूपये का अवैध धान जप्त किया गया।

- केवल 6 दिसंबर को 60 कट्टा लावारिस धान बरामद, कुल 26 प्रकरण दर्ज

6 दिसम्बर को फिर एक बार थाना देवभोग को 60 कट्टा (24) क्विंटल कीमती 74 हजार 400 रूपये लावारिस धान को जप्त किया गया । विगत 27 दिनों से लगतार विशेष अभियार 22 चार पहिया वाहन एवं 04 लावारिस इस प्रकार कुल 26 प्रकरणों में अवैध परिवहन एवं बिक्री करते 2046 कट्टा धान को जप्त कर संबंधित विभाग को आगामी कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया । अब तक धान की अवैध परिवहन एवं बिक्री का 818.4 क्विंटलकीमती 25 लाख 37 हजार 40 रूपये का धान जप्त। मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम हेतु बार्डर के चेक पोस्ट में तैनात बल द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष दिशा–निर्देश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्यों पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में किये जाने हेतु प्रावधान है। चेक पोस्ट के माध्यम से तैनात पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है।



### अवैध धान बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध जारी रहेगी कार्रवाई

6 दिसंबर को मुखबीर द्वारा थाना देवभोग को सूचना मिला की तुआसमाल गोहरापदर छोटी गुड़ी के पास अवैध रूप से लावारिस धान बिक्री हेतु रखा है। जिसकी सूचना तस्दीक पर थाना देवभोग से पुलिस स्टाफ रवाना कर घटना स्थल पहुच कर आस–पास सर्च करने पर 60 कट्टा प्रत्येक में 40 किलो ग्राम की भरती कुल (24 क्विंटल) कीमती 74 हजार 400 रूपये का अवैध धान को लावारिस हालत में बरामद करने के बाद समक्ष गवाहन के पुलिस द्वारा जप्त कर संबंधित विभा को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार विगत 27 दिनों से विषेष अभियान चलाकर थाना देवभोग एवं थाना अमलीदर के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री करते अलग–अलग कुल 26 प्रकरणों में 2046 कट्टा 818.4 क्विंटल अवैध परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। धान के परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात मांगने पर किसी भी प्रकार का कागजात पेष नही करने पर अवैध धान परिवहन के संबंध में कार्यवाही कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया। अवैध धान बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## अजीब आफत... माशिम ने फिर बढ़ाई केंद्रीय छात्रवृत्ति की आवेदन तिथि

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल अजीब परेशानी में पड़ गया है। छात्रवृत्ति विरतण के लिए मंडल को छात्र नहीं मिल रहे हैं। आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण माशिम को एक बार फिर से आवेदन तिथि में वृद्धि करनी पड़ी। इससे पहले अब तक माशिम तीन बार आवेदन तिथि में वृद्धि कर चुका है। भारत सरकार द्वारा महाविद्यालयीन और विश्वविद्यालयीन छात्रों को केंद्रीय छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इसके अंतर्गत मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता दे जाती है। इसके तहत स्नातक स्तर पर अध्ययनरत छात्रों को 12 हजार और स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययनरत छात्रों को 20 हजार रुपए प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन के लिए 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अनिवार्य होते हैं। प्रथम वर्ष में स्कॉलरशिप प्रदान किए जाने के बाद आगे के वर्षों में स्कॉलरशिप तभी मिलती है, जब छात्र निर्धारित अंक हासिल कर चुके होते हैं।

## ऐमिटी ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**रायपुर।** ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर ने गुरुवार को सत्यसाई संजीवनी हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में अपना दूसरा वार्षिक समारोह "प्रतिबिंब- हमारे भीतर का नायक" विषय के अंतर्गत गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में मनाया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर निहित साहस, करुणा और वैश्विक मानव मूल्यों को उजागर करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संपूर्ण कार्यक्रम स्कूल के संस्थापक डॉ. अशोक के. चौहान एवं चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान के दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें आंतरिक शक्ति, दया और नायकत्व की भावना को जीवन मूल्यों के रूप में प्रस्तुत किया गया।

**निधन**

## विमला अंबिलकर



**महासमुंद।** स्थानीय बाजार वार्ड निवासी राघव राव अंबिलकर की धर्म पत्नी श्रीमती विमला बाई अंबिलकर 69 वर्ष का 5 दिसंबर को निधन हो गया। वे दुष्यंत, प्रताप व जयंत की माता एवं राजवीर अंबिलकर की दादी थी। अंतिम संस्कार कल 7 दिसंबर को सुबह 10 निवास स्थान से भलेसर रोड मुक्तिधाम निकलेगी।

**निरीक्षण : किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने धान खरीदी का लिया जायजा**

# धान खरीदी केंद्र पिथौरा का निरीक्षण, किसान कांग्रेस ने खरीदी लिमिट करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा ने आज पिथौरा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा साय सरकार पर धान खरीदी में लिमिट कम रखने और किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया।

सिन्हा ने कहा कि धान खरीदी शुरू हुए लगभग 18 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन खरीद केंद्रों में लिमिट अत्यंत कम होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि टोकन सिस्टम भी किसानों की मुश्किलें बढ़ा रहा है।ऑनलाइन टोकन में कम लिमिट दिखाई देना, 'तुंहर ऐप' का कुछ ही मिनटों के लिए खुलना, तथा बार-बार तकनीकी दिक्कतें आने से किसान टोकन प्राप्त नहीं कर पा रहे। समिति द्वारा 30 प्रतिशत टोकन जारी करने की व्यवस्था भी सुचारू रूप से लागू नहीं हो पा रही है, जिससे किसान अपनी उपज का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं।



आगे उन्होंने कहा कि किसानों को खरीदी केंद्रों में कई दिनों से चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन खरीदी लिमिट बढ़ाए जाने को लेकर विभाग की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की साय सरकार तेईस के चुनाव में किसानों से किए वादों से पीछे हट रही है, जिसके कारण किसान स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार को याद कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि तुंहर ऐप सुबह निर्धारित समय पर कुछ ही मिनटों के लिए खुलता है, जिससे एक साथ टोकन लेने की कोशिश में अधिकांश किसान असफल हो जाते हैं। यही कारण है कि किसान चॉइस सेंटरों में लंबी लाइन लगाने को मजबूर हैं और पूरे प्रदेश में यही स्थिति बनी हुई है। निरीक्षण के बाद किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा ने महासमुंद जिले के जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव से दूरभाष पर बात कर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि धान खरीदी की लिमिट शीघ्र नहीं बढ़ाई गई तो प्रदेशभर के किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे, और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



## विकासखंड स्तरीय नवोदय मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन, 423 विद्यार्थीयों ने लिया लाभ

**सरायपाली।** जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मंशानुरूप,जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के नेतृत्व में महासमुंद जिले में नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन 6 दिसंबर को सभी विकासखंड मुख्यालय में निःशुल्क एक साथ किया गया इसी तारतम्य में विकासखंड के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में विकासखंड स्तर पर निःशुल्क नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया जिसमें 467 बच्चों ने ऑनलाइन आवेदन किया जिसमें से 423 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति देकर विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए इस विशिष्ट टेस्ट का लाभ लिया। नवोदय मॉक टेस्ट आयोजन के सफ़ल क्रियान्वयन हेतु बीईओ टीकमचंद पटेल, बीआरसीसी देवानंद नायक द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। मॉक टेस्ट कार्यक्रम समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा एवं वीरेंद्र कुमार कर द्वारा परीक्षा केंद्र में उपस्थित होकर केंद्र का अवलोकन किया गया। समस्त पालकों,मार्गदर्शक शिक्षकों का खूब समर्थन प्राप्त हुआ। आराध्या स्पोर्ट्स द्वारा सभी बच्चों को पेन प्रदाय किया गया एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ कोलता समाज द्वारा बिस्किट का वितरण निःशुल्क किया गया।

# जिला स्तरीय वैष्णव परिवार सम्मेलन का समापन आज, पहले दिन हुई बैठकें

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा महासमुंद जिला द्वारा ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल खल्लारी में शनिवार 6 दिसंबर से शुरुआत हुई। जिला स्तरीय वैष्णव परिवार सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन रविवार 7 दिसंबर को समापन होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के राष्ट्रीय व प्रांतीय महासचिव लखनदास वैष्णव, विशेष अतिथि महासमुंद भाजपा के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, महासमुंद जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम साहू, बागबाहरा जनपद पंचायत के सदस्य भूमिका सिन्हा, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू, उपसरपंच तारेश साहू होंगे। उक्त सम्मेलन को लेकर समाज के जिला सचिव रमनदास वैष्णव (खल्लारी) ने बताया कि शनिवार 6 दिसंबर को दीप प्रज्ज्वलन, देवपूजन, वैष्णव मंडल खल्लारी के पदाधिकारी, कार्यकारिणी व छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा जिला महासमुंद कार्यकारिणी और छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा प्रांतीय पदाधिकारियों, युवा समिति, महिला समिति की बैठक हुई। संध्या आरती पश्चात भोजन व में रात्रि सांस्कृतिक गतिविधियों पर आयोजन भी किया गया। वैष्णव परिवार सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर रविवार 7 दिसंबर को 9 से 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन, देवपूजन। सुबह 10 से 12 बजे वैष्णव समाज के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों का स्वागत उद्बोधन। दोपहर 12 से 1:30 जनप्रतिनिधियों का स्वागत, उद्बोधन। दोपहर 1:30 से 3 बजे भोजन अवकाश, वहीं दोपहर 3:30 बजे 5 बजे सम्मान समारोह एवं आभार प्रदर्शन होगा। इस दौरान प्रमुखता से 60 वर्षों से ऊपर समस्त वैष्णव परिवार के नारी शक्ति व वरिष्ठजनों का सम्मान, वैष्णव पुजारियों का सम्मान, वैष्णव भगवताचार्यों का सम्मान, वैष्णव मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, वैष्णव जनप्रतिनिधियों का सम्मान और प्रथम द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के वैष्णव शासकीय सेवकों का सम्मान किया जाएगा।

# नवंबर में राशन से वंचित हितग्राहियों को 2 माह का राशन प्रदान करे सरकार : विनोद चंद्राकर

### सेल्समैनों के हड़ताल के कारण नवंबर में 20 हजार बीपीएल हितग्राही हुए राशन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

माह नवंबर में सोसायटी प्रबंधक व सेल्समैनों की हड़ताल के कारण जिले भर के हजारों राशन दुकानों में चावल वितरण कार्य प्रभावित हुआ। सेल्समेन के हड़ताल पर चले जाने से जिले के लगभग 20 हजार गरीब परिवारों को नवंबर माह का खाद्यान्न वितरण नहीं हो पाया है। अतः नवंबर माह के छूटे हुए हितग्राहियों को दिसंबर व नवंबर का चावल एक साथ प्रदान करने की मांग पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार से की है। चंद्राकर ने कहा कि जिले में 3 लाख 21 हजार 489 बीपीएल कार्डधारी उपभोक्ता हैं। 3 नवंबर से सोसायटी प्रबंधकों के साथ सेल्समैन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। नवंबर माह में सेल्समेनों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जिले भर के सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित राशन दुकानों में चावल, शक्कर,



नमक आदि का वितरण नहीं हो पाया था। महिला समूहों द्वारा संचालित राशन दुकानों में चावल वितरण हुआ था। उसके बाद भी 20 हजार कार्डधारियों को राशन का वितरण नहीं हो पाया है। नवंबर माह में हड़ताल के कारण गरीब उपभोक्ताओं को राशन से वंचित होना पड़ा। नवंबर माह में गरीब परिवारों को राशन नहीं मिलने से बाजार से महंगे दाम में चावल खरीदकर अपने बच्चों का पेट भरना पड़ा। गरीब परिवार के लोग शासकीय राशन के भरोसे ही अपना परिवार का भरण पोषण करते हैं। एक माह का राशन नहीं मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के समक्ष जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो गई थी। बाजार में अधिक दर पर चावल खरीद कर घर चलाना पड़ा। चूंकि, हड़ताल समाप्त हो गई तथा सभी राशन दुकानों में वितरण कार्य चल रहा है। इसलिए सरकार अविलंब ही आदेश जारी कर छूटे हुए बीपीएल हितग्राहियों को नवंबर व दिसंबर माह का चावल एक साथ वितरण कराने की व्यवस्था करें।

# सह संज्ञानात्मक गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मक दक्षता बढ़ती है: हेमंत

### कसहीबाहरा स्कूल में विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन

**पिथौरा।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में विद्यार्थियों की सह-संज्ञानात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इन गतिविधियों में चित्रकला, सुलेख, श्रुतिलेख, पहाड़ा प्रतियोगिता तथा संविधान की उद्देशिका का बगैर देखे वाचन जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मक दक्षता एवं विषयों के प्रति रुचि बढ़ाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा विजयी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कृत विद्यार्थियों में दुष्यंत यादव को संविधान की उद्देशिका का वाचन करने के लिए 500 रुपए की नगद राशि तथा मधु यादव को 200 रुपए की नगद



राशि इनाम स्वरूप प्रदत्त किए गए।

30 तक का पहाड़ा सुनाने के लिए वीर कुमार ध्रुव को 100 रुपए तथा विराट निषाद , मधु यादव व भुवन लाल ध्रुव को 50- 50 रुपए की नगद राशि दी गई।

इसी तरह से चित्रकारी के लिए नूतन, हेमकुमारी, भारती, देहुती, शीला, सौरभ, संजय, संजना को ड्राइंग बुक व कलर सेट, सुलेख हेतु विराट निषाद, भोमेश पटेल को कॉपी -कलम तथा श्रुति लेख हेतु मोना पटेल व हिमेश्वरी यादव को ड्राइंग बुक - कलर सेट प्रदाय किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित बैगलेस की इस पहल पर अभिभावकों व शाला प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के इस गतिविधि की सराहना की है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार पटेल व तबस्सुम शेख की महती भूमिका रही।

# जिले में 31 हजार से अधिक किसानों ने धान विक्रय किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसान का टोकन नहीं कट पाने के कारण किसान मनबोध बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडरीदादर सेनभांठा के निवासी ने परेशान होकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

सोशल मीडिया में वायरल खबर के संबंध में उपपंजीयक सहकारी समिति, महासमुंद ने बताया कि उक्त किसान समिति में टोकन कटाने नहीं आया था। उनके द्वारा समिति के किसी सदस्य से भी सहयोग नहीं लिया गया। खाद्य अधिकारी अजय यादव ने कहा कि जिले में 182 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी सुचारु रूप से जारी है। अभी तक इस वर्ष पंजीकृत 1 लाख 58 हजार 983 किसानों में से 31 हजार 487 किसानों ने बिना किसी परेशानी के धान विक्रय किया है। टोकन तुहर और सहकारी समिति के माध्यम से किसानों का टोकन काटा जा रहा है।

- **टोकन के नाम से किसान परेशान न हो**

अभी तक जिले में लगभग 20 प्रतिशत किसानों ने बिना किसी परेशानी के धान विक्रय किया है। जो राज्य में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि आगे भी समय सीमा अंतर्गत खरीदी जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने अपील की है कि किसी भी तरह के भ्रम से बचे और जरूरत पड़ने पर टोकन काटने में सहकारी समिति का सहयोग लें। समिति प्रबंधक को इस संबंध में निर्देशित किया गया गया है।

सरकार के मंशानुरूप महासमुंद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारूता के साथ निरंतर जारी है। धान खरीदी के 16वां दिन जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में कुल 1,64,161 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है तथा 05 दिसंबर को 212.92 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह कुल खरीदी 1,64,374 टन पहुंच गया है। किसान समर्थन मूल्य पर धान का उचित दाम मिलने से उत्साहित है तथा किसानों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन कटवाकर अपनी उपज विक्रय के लिए ला रहे हैं।

**पेज 11 के शेष...**

### उदंती-सीतानदी...

की उपस्थिति के बावजूद, सरकारी खजाने पर मुआवजे का बोझ 2022-23 में 78 लाख रुपये से घटकर 2025-26 (नवंबर तक) में 10 लाख रुपये हो गया है। इस ऐप ने भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा आयोजित मानव-वन्यजीव संघर्ष शमन पर राष्ट्रीय स्तर का हैकथॉन भी जीता है। छत्तीसगढ़ वन विभाग ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और कर्नाटक राज्यों को भी राज्य-विशिष्ट संशोधनों के साथ इस ऐप को अपनाने के लिए मार्गदर्शन दिया है।

### शिक्षकों की लंबित...

में लगे शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लंबित मानदेय भुगतान को शीघ्र जारी करने हेतु पृथक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कठिन परिस्थितियों में निर्वाचन कार्य संपन्न कराया, ऐसे में समय पर मानदेय भुगतान उनका वैधानिक अधिकार है। फेडरेशन ने शीघ्र भुगतान की मांग करते हुए कर्मचारियों को आर्थिक राहत दिए जाने का आग्रह किया।

**ये रहे उपस्थित**-ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांतीय प्रवक्ता दीनबंधु वैष्णव, रुपिका रानी मरकाम के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष कुमेन्द्र कश्यप, कार्यकारी जिला अध्यक्ष लोकेश्वर सोनवानी, जिला संयोजक फनेन्द्र साहू, सचिव डिगेश्वर साहू, उपाध्यक्ष फणेश्वर कंवर, पप्पू सिन्हा, रुपेश शर्मा, दयाराम मांझी, कोषाध्यक्ष गणेशराम दुर्गा, गरियाबंद ब्लॉक अध्यक्ष तिलक यादव, मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष नीलाधर प्रधान, छुरा ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय वर्मा, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र ध्रुव, देवभोग ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश पत्र, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ओमप्रभा साहू, उपाध्यक्ष सरोज सेन, सचिव सुश्री धनेश्वरी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

### शिक्षा मंत्री ने...

बेनीशंकर साहू के द्वारा किये गये मांग को स्थानीय विधायक रोहित साहू के माध्यम से शिक्षा मंत्री तक प्रमुखता से प्रेषित किया गया जिस पर गम्भीरता से विचार करते हुए मंच के माध्यम से शिक्षा मंत्री द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल खुटेरी में भवन निर्माण करने की घोषणा की गयी। जिससे ग्रामवासियों में काफी हर्ष व्याप्त है। यह घोषणा होते ही ग्राम के सरपंच बेनी शंकर साहू पंचगण शाला विकाश समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा विधायक निवास राजिम पंहुचकर प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव विधायक रोहित साहू व सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**ये हुए शामिल**-इस अवसर पर सरपंच बेनीशंकर साहू उपसरपंच ढालचंद निषाद शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारिक साहू ग्रामीण अध्यक्ष चितरंजन सेन ,लेखन, बिसेलाल, प्रह्लाद, खेमू, राजेश, लेखु, येनसिंग, गयाराम, मयाराम, रमऊ, चिंताराम, लोकेश, शंकर, चितरंजन, वेदप्रकाश, ढेलू, सचिव, नूतन, शामिल हुए।

### देवगांव में जंगली...

अधिकारी के निर्देश वनपाल अनिल राव कृदत को तुरंत अस्पताल भेजा। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाक़ात कर विभागीय प्रक्रिया के तहत उपलब्ध तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की, साथ ही आगे मिलने वाली सहायता के लिए आवश्यक औपचारिकताओं की जानकारी भी दी। पीड़ित या परिजनों को घटना की सूचना वन विभाग को देना और आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होता है, जिसके बाद जिला प्रशासन व विभागीय स्तर पर राशि स्वीकृत की जाती है। ग्रामीणों ने जंगली सुअरों की बढ़ती दहशत पर चिंता व्यक्त करते हुए वन विभाग से इससे निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। वहीं विभाग का कहना है कि पीड़ित के इलाज और आगे की सहायता प्रक्रिया में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### रबी सीजन के...

ने बताया कि गनियारी जलाशय में पर्याप्त पानी मौजूद है, फिर भी नहरों में पानी नहीं छोड़ा जा रहा, जिससे रबी सीजन प्रभावित हो रहा है। किसानों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि समय रहते जलाशय से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाए, ताकि रबी फसल की बोआई समय पर शुरू की जा सके और किसान सीजन से वंचित न हों।

# जिले में कुष्ठ रोग उन्मूलन हेतु 8 से 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य में कुष्ठ रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से दिनांक 08 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक सघन कुष्ठ खोज अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में महासमुंद जिले में भी यह विशेष अभियान 8 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य समुदाय में कुष्ठ संक्रमण को रोकना, रोगियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उपचार उपलब्ध कराना तथा कुष्ठजन्य विकलांगता को रोकना है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव द्वारा 2 दिसंबर 2025 को जिला स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित कर समस्त बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ, एनएमए तथा विकासखंड कुष्ठ नोडल अधिकारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। उन्होंने व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि अभियान के दौरान कोई भी व्यक्ति जांच से वंचित न रहे।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य अमला घर-घर जाकर कुष्ठ के संभावित लक्षणों वाले व्यक्तियों की पहचान करेगा तथा उनकी जांच एवं पुष्टि की कार्रवाई की जाएगी। धनात्मक पाए जाने वाले व्यक्तियों को निःशुल्क एमडीटी उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। जिलास्तर से प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा विकासखंड स्तर पर भी प्रशिक्षण आयोजित कर सर्वे दलों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें कुष्ठ के लक्षण, जांच तकनीक एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। कुष्ठ के संभावित लक्षणों में त्वचा पर सुन्नपन सहित दाग, हाथ-पांव में झुनझुनी, सुन्नपन व सूखापन, कानों में गठानें या मोटापन आदि के बारे में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में अभियान के लिए कुल 1308 सर्वे दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक दल में एक मितानिन तथा एक पुरुष स्वयंसेवी कार्यकर्ता शामिल होंगे, जो घर-घर जाकर जागरूकता बढ़ाने के साथ जाँच करेंगे और संदिग्ध व्यक्तियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भेजेंगे, जहाँ चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुष्टि कर उपचार आरंभ किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, कक्ष क्रमांक 20 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर 9977881452 जारी किया गया है। इसी प्रकार जिले के सभी विकासखंडों में भी कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाली तीन दुकानें सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम ने शुक्रवार को शहर में संपत्ति कर के तीन बड़े बकायादारों की दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की है। इसमें शराब दुकान के साथ डेयरी स्वीट्स एवं फ्रूट्स की दुकान शामिल है। इसके अलावा अन्य एक प्रकरण में पोरवाल किचन में भारी गंदगी मिलने पर उसे भी सीलबंद किया है। इसके अलावा कई क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने तथा सामान जब्ती बनाने की कार्रवाई भी हुई है।

जोन 3 क्षेत्र में खम्हारडीह चौक के पास व्यावसायिक परिसर की 4 दुकान ग्वाला डेयरी स्वीट्स दुकान, शराब दुकान, हनी फ्रूट्स तथा टीव्हीएस गोडाउन पर कुल 16 लाख 13 हजार 964 रुपए का संपत्ति कर बकाया है। इन सभी को पूर्व में निगम ने नोटिस





जारी किया था। इसके बाद भी इन दुकान-गोडाउन के संचालक बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रहे थे। इसे देखते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में टीम सीलबंद कार्रवाई करने यहां पहुंची। इस दौरान टीव्हीएस गोडाउन को छोड़कर तीनों दुकानों को सीलबंद किया, वहीं गोडाउन के संचालक ने 3 लाख 51 हजार रुपए की राशि तत्काल जमा कराते हुए शेष राशि आगामी माह में देने का आश्वासन दिया। इसके बाद टीम ने इस दुकान को सीलबंद नहीं किया।

### स्वास्थ्य टीम ने पोरवार किचन को किया सीलबंद

नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अनुपम नगर क्षेत्र में दुकान-होटलों का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पोरवाल किचन में भारी गंदगी मिली। इसे देखते हुए इसे तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई की। इस टीम में जोन क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू सहायक राजस्व अधिकारी मानकू राम धीवर, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी, राजस्व निरीक्षक जितेंद्र नियाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मेला घूमने गए युवक पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम डोकरपाली में राज गौरी गौरा मेला देखने गए युवक पर दो लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर तेंदूकोना थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को अमित दीवान 05 दिसंबर को उसके गांव मं राज गौरी-गौरा मेला लगा था। जहां उसका चचेरा भाई कुलेश्व र कुमार दीवान पिता स्वक मानसिंग दीवान भी गया था। जहां पर पचरी गांव के 02 लडके महिलाओं को देखकर अश्लीकल टिप्पतणी कर गाली गलौज कर रहे थे। जिसे उसके भाई कुलेश्वार ने मना किया। इसी बात को लेकर दोनों पचरी के लड़के गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्काय तथा चाकु जैसे धारदार वस्तुड से वार कर दिये। जिससे कुलेश्व र दीवान के सीने में और चेहरे में आंख के पास चोट आयी, जिसे तत्काल डायल 112 को सूचना देकर सरकारी अस्पकताल बागबाहरा ले जाया गया। रिपोर्ट पर 115(2), 118(1), 296, 3(5), 351(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### गोड़ समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**नर्रा।** अखिल भारतीय गोड़ समाज युवक - युवती परिचय सम्मेलन 7 दिसंबर दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से महादेवा धाम कसेकेरा कोमाखान परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि दीपक बैज प्रदेशाध्यक्ष छग कांग्रेस कमेटी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता में बसंता ठाकुर केंद्रीय अध्यक्ष अभा गोड़ समाज रानी महल पिथौरा एवं अतिविशिष्ट अतिथि में द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी एवं जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी महासमुंद, विशिष्ट अतिथि के रूप में खामसिंह मांझी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अभा गोंडवाना गोड़ महासभा लोकेंद्र सिंह कोसमर्रा, राष्ट्रीय महासचिव अभा गोड़ महासभा प्रताप सिंह नाग अध्यक्ष अभा गोड़ समाज मल्हार महासभा आदि होंगे। उक्ताशय की जानकारी अभा गोड़ समाज 18 गढ सुवरमार राज मीडिया प्रभारी तूफान दीवान ने दी।

### खाद्य निरीक्षक को नोटिस

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य जिले में सुचारू रूप से जारी है। शासन के निर्देशानुसार अवैध धान परिवहन एवं स्टॉकिंग के विरुद्ध की गई कार्रवाई की तत्काल ऑनलाइन प्रविष्टि सतर्क एप में करने के निर्देश सभी खाद्य निरीक्षकों को दिए गए हैं।

**कार्यक्रम :** वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और नेतृत्व क्षमता पर आधारित प्रतियोगिता में 100+ विद्यार्थियों ने भाग लिया

# आईसेक्ट में निबंध प्रतियोगिताः झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वीरगाथा पर छात्र-छात्राओं को सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के प्रतिष्ठित संस्थान आईसेक्ट कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में राष्ट्र सेविका समिति द्वारा वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की वीरगाथा पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू, विशेष अतिथि पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, मोटिवेशनल स्पीकर अनुराधा सारडा एवं आईसेक्ट निदेशक बलराम देवांगन के हाथों निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों एवं उत्कृष्ट निबंध के लिए छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती, भारत माता एवं झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। आईसेक्ट के संचालक बलराम देवांगन ने बताया कि वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की वीरगाथा एवं जीवन पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें प्रथम स्थान चेतना देवांगन, द्वितीय स्थान यश कुमार साहू एवं तृतीय स्थान मोनिका साहू ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में आईसेक्ट के स्टाफ साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, लेखिका साहू, तनु देवांगन एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

- मुख्य अतिथियों ने पुरस्कार वितरित कर बच्चों को प्रेरित किया, सांत्वना पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र भी दिए गए

### झांसी की रानी स्वतंत्रता आंदोलन की अमर प्रतीक : ओमकुमारी

नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने झांसी की रानी लक्ष्मी बाई को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का अमर प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई अपनी बहादुरी और नेतृत्व क्षमता के लिए जानी जाती है। भारतीय राष्ट्रीय सेना की पहली रेजिमेंट का नाम रानी लक्ष्मी बाई रेजिमेंट के रूप में रखा गया। नपा अध्यक्ष ने वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मी बाई पर वीर रस की कविता सुनकर सभी लोगों में ऊर्जा, जोश एवं देशभक्ति का संचार कर दिया।







### रानी लक्ष्मी बाई महिला शक्ति एवं वीरता का प्रतीक -योगिता सिन्हा

भाजपा नेत्री एवं पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की वीरता को नमन करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मी बाई की साहस, शक्ति एवं वीरता आज भी महिलाओं को प्रेरणा देती है। 1857 के युद्ध में रानी लक्ष्मी बाई ने अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध में अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय दिया था। झांसी की गद्दी बचाने एवं अंग्रेजों के दमन नीति के विरोध में रानी लक्ष्मी बाई ने अपने प्राण न्योछावर कर दिया किंतु अंग्रेजों के सामने नहीं झुकी। स्वतंत्रता संग्राम में वीर गति प्राप्त कर रानी लक्ष्मी बाई देशवासियों के लिए अमर हो गई। उनका जीवन आज सभी देशवासियों खासकर महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है।

### रानी लक्ष्मी बाई से प्रेरणा लेकर अपने सपनों को उड़ान दे : अनुराधा

प्रखर वक्ता अनुराधा सारडा ने अपने आजपूर्ण उद्बोधन में छात्र छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने सपनों को उड़ान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को घर की चारदिवारी से निकलने तक की अनुमति नहीं थी तब झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ने अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला। और अंग्रेजों को युद्ध में धूल चटा दी। आज हम इक्कीसवीं सदी में जी रहे है। ऐसे में आज की नारी अपने सपनों में पंख लगाकर ऊंची उड़ान भरने से न डरे। आपके आज के प्रेरणादायी कार्य आने वाले पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन एवं सफलता का राह प्रशस्त करेगा।

## साहू समाज में उत्साहः जिला साहू संघ का निर्वाचन संपन्न, प्रवीण बने अध्यक्ष, पुष्पा उपाध्यक्ष



**छुईहा बेलर/गरियाबंद।** जिला साहू संघ गरियाबंद का बहुप्रतीक्षित सामाजिक निर्वाचन स्थानीय साहू छात्रावास में अत्यंत शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। सुबह से ही समाजजन उत्साहपूर्वक मतदान स्थल पर पहुँचते रहे और कुल 358 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

निर्वाचन में अध्यक्ष पद के लिए 3, उपाध्यक्ष (पुरुष) पद हेतु 4, उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए 2 तथा संगठन सचिव पद के लिए 3 प्रत्याशी मैदान में थे। पारदर्शी प्रक्रिया और शांत वातावरण में मतदान के बाद परिणाम घोषित किए गए।

अध्यक्ष पद पर प्रवीण साहू (ग्राम बेलर) ने विश्वास प्राप्त कर विजय हासिल की। उपाध्यक्ष (पुरुष) पद पर देवराज साहू (छुरा) निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष (महिला) पद पर पुष्पा जगन्नाथ साहू (बोरसी) ने जीत दर्ज की। संगठन सचिव पद पर ठाकुर राम साहू (किरवई) तथा सुनीति साहू (बहेरपाल) निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा। निर्वाचन अधिकारी उद्यो राम साहू (रायपुर), चंदशेखर साहू एवं उनकी टीम ने निष्पक्षता और पारदर्शिता का परिचय देते हुए चुनाव सम्पन्न कराया।

परिणाम घोषित होने के बाद समाजजनों ने विजयी पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कमलेश साहू, जगदीश साहू, नेहरू साहू, अनिल साहू, प्रकाश साहू, सोमप्रकाश साहू, मोतीराम साहू, पुष्पा साहू, तनु साहू, इंदु साहू, शत्रुघ्न साहू, राकेश साहू सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। विजय के पश्चात नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रवीण साहू ने भगवान राजिम लोचन एवं माता राजिम मंदिर में पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-शांति की कामना की।

## खेल केवल जीत हार का माध्यम नहीं बल्कि आत्मविश्वास व अनुशासन का प्रतीक हैः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सांसद खेल महोत्सव बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता का आज शनिवार को मैनपुर से 03 किमी दूर पैरी स्टेडियम भाठीगढ़ में गरिमामय माहौल में शुभारंभ किया गया इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, भाठीगढ़ सरपंच पुष्पा नेगी, एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, एडिशनल सीईओ डी एस नागवंशी, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, खेल नोडल अधिकारी यशवंत बघेल, दुलार सिन्हा एवं क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस दौरान आयोजित शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमति सरिता ठाकुर ने कहा भाजपा सरकार द्वारा सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण खेल प्रतिभाओ को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है जो अपने आप में एक मिशाल है।



मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम ने कहा छत्तीसगढ़ में सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओ को भी पारंपारिक और परंपरागत खेलो में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा इस खेल प्रतियोगिता में पूरे विधानसभा क्षेत्र से प्रतिभागी शामिल हुए है।

श्री मरकाम ने कहा खेल केवल जीत हार का माध्यम नही बल्कि आत्मविश्वास अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक भी है ग्रामीण क्षेत्रे के युवाओ और बच्चो में छिपी प्रतिभा को मंच और अवसर मिलने पर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रौशन करने की बात कही। इस दौरान कबड्डी, बैडमिन्टन, गोला फेक, भाला फेक, लंबी कूद, उंचीकूद, गेड़ी दौड़ आदि परंपरागत खेल का आयोजन किया जा रहा है।



#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नोडल अधिकारी यशवंत बघेल, टीकम पटेल, मुकेश ठाकुर, गोविंद पटेल, हीरामन साहू, आशीफ खान, उमेश वर्चो, दुर्गाचरण कोमर्रा, पवन ठाकुर, अनुसुईया पटेल, बालिका बाई, धनबाई एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीफ खान द्वारा किया जा रहा है।

### अंचल में शीतलहर......



**नवापारा-राजिम।** अंचल में शीतलहर का दौर चल रहा है। शाम होते ही हर गली मुहल्ले में लोग अलाव का सहारा ले रहे है। अलाव जलते ही लोगों की भीड़ स्वमेव पहुंच जाती है।

## रबी फसलों के लिए फसल बीमा पोर्टल चालू

**रसेला।** छत्तीसगढ़ शासन ने रबी मौसम 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पोर्टल चालू कर दिया है। यह योजना किसानों को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलभराव, कीट-व्याधि और ओलावृश्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करती है। पिछले वर्ष रबी सीजन में फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर जिले के 28,037 किसानों को 48 करोड़ 62 लाख रूपये की दावा राशि का भुगतान किया गया था। इस वर्ष जिले के 420 से अधिक अधिसूचित ग्रामों के किसान अपनी रबी फसल का बीमा करवा सकते है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तय की गई है। इस बार गेंहू सिंचित, गेंहू असिंचित, चना, अलसी और सरसों जैसी अधिसूचित फसलों का बीमा किया जा सकेगा। योजना में ऋणी, अऋणी, भू-धारक और बटाईदार सभी प्रकार के किसान शामिल हो सकते है।

अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसल बोने वाला हर इच्छुक किसान इस योजना का लाभ उठा सकता है। प्रीमियम दरों के अनुसार किसानों को प्रति हेक्टेयर गेहूं सिंचित के लिए 690 रू, गेहूं असिंचित के लिए 405 रू, चना के लिए 645 रू, अलसी के लिए 315 रू. और सरसों के लिए 375 रू. जमा करने होंगे। किसान अपने निकटतम बैंक शाखा, ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र या भारत सरकार के बीमा पोर्टल के माध्यम से फसल बीमा करा सकते है। प्रशासन ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अंतिम तिथि से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान कृशि, राजस्व, बैंक या बीमा कपंनी के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

## स्काउट गाइड अनुशासन के साथ लोगों की सहायता करने की भावना जगाता हैः चंदूलाल

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा,राज्य सचिव जितेंद्र साहू, जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद व जिला आयुक्त जगजीत सिंह धीर के निर्देशानुसार जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं डी ओ सी स्काउट आशीष साहू व डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में षष्ठम जिला स्तरीय स्काउटस एवं गा इ ड् स प्रशिक्षण शिविर रैली का आ यो ज न शा स की य उ च्च त र मा ध्य मि क विद्यालय कौदकेरा में किया गया है।

- जिला स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह पर प्रमाण पत्र का वितरण हुआ

कार्यक्रम के समापन दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदूलाल साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम एवं अध्यक्षता गौरीशंकर कश्यप गौरी शंकर कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद ने किया।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नंदिनी साहू सभापति जिला पंचायत गरियाबंद,राधिका मनोज यादव सरपंच ग्राम पंचायत कौदकेरा,रामेश्वरी चंद्रिका कुर्रे जनपद सदस्य,डॉ.भारती अग्रवाल प्राचार्य अभनपुर,मुन्ना लाल देवदास से.नि. शि.शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ।तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत स्कार्फ लगाकर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिथि चंदूलाल साहू अध्यक्ष भंडार गृह निगम ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड्स कम संसाधनों के साथ विषम परिस्थितियों में अनुशासन के साथ लोगों की सहायता करने की भावना सिखाता है। शिक्षा विकास की रीढ़ है। मानव जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के विकास से गांव,समाज व राष्ट्र की उन्नति संभव है। गौरी शंकर कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद ने कहा कि स्काउट हमें दया,प्रेम,अनुशासन,परोपकार व सहयोग की भावना रखते हुए सेवा भावना के साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए जीवन जीने की कला सिखाती है।नंदिनी ओंकार साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सरपंच राधिका मनोज यादव ने कहा कि स्काउट गाइड हमारे युवाओं को देश और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करता।रामेश्वरी चंद्रिका कुर्रे जनपद सदस्य ने कहा कि कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। अनुशासन ही देश को महान बनाता है। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रोमन लाल साहू ने किया। आभार ओंकार साहू ने किया।

#### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिए हुए प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र के साथ साथ अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया।इस मौके पर प्राचार्य एम.आर.रात्रे,उप सरपंच चांदनी भूषण साहू,बाबूलाल साहू,भारत लाल साहू,द्विज राम साहू,पूर्णिमा साहू,मनोज यादव,किसून साहू,सुमीत बघेल,दूज लाल साहू,डी टी सी सुनील देशलहरे,अंजू डेकर, विकासखंड सचिव रामप्रसाद साहू,शिवसिंह कंवर,मुराली लाल साहू,जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू,ईश्वर मालाकार, प्रेमलाल साहू जिला भोजन प्रभारी,चैतन्य यदु टेक्निकल प्रभारी,दुष्यंत वर्मा,हिरऊ राम साहू,विजय बघेल, संतलाल भारती मन्दाकिनी साहू,गोपेश्वरी साहू,जुली क्रिस्टीना,स्काउट गाइड,रोवर रेंजर व ग्रामवासी उपस्थित थे।*

**पदोन्नति के बाद शिक्षकों को मिला नई जिम्मेदारी का अवसर**

## प्रधानपाठक व व्याख्याता पद पर पदोन्नति होने पर संकुल स्तरीय हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

संकुल केंद्र दुल्ला में प्रधानपाठक और व्याख्याता पद पर पदोन्नति होने के बाद संकुल स्तरीय शिक्षक, शिक्षिकाए का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सभी शिक्षक शिक्षिकाए पुजा अर्चना कर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदोन्नति हुए प्रधानपाठक और व्याख्याता शिक्षक शिक्षिकाए थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य हेमनारायण कोसरिया मंच आसीन थे। सभी आमंत्रित अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया।

संकुल समन्वयक रामलाल ताण्डे ने सभी नवनियुक्त प्रधानपाठक और व्याख्याताओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रक्रिया में पहले कानूनी बाधाएं आ रही थी। हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं के कारण प्रमोशन कार्यवाई रोक दी गई थी। अदालत के अंतिम आदेश के बाद विभाग को पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश मिला। अब प्रशासन ने तेजी दिखाते हुए संबंधित पदस्थापना आदेश जारी करना शुरू कर दिया है। उन्होंने ये भी कहा कि अनुभवी शिक्षकों को अब प्रशासनिक जिम्मेदारी मिलेगी। इससे स्कूलों में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य हेमनारायण कोसरिया ने कहा ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में पदस्थापना किया जा रहा है। इससे शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा। शैक्षणिक गतिविधियों में बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है। यह बदलाव सकारात्मक साबित हो सकता है। इसी कड़ी में शिक्षक चंदूराम बघेल ने कहा कि अब शिक्षकों को नए अवसर मिलेंगे और शिक्षा प्रणाली को फायदा होगा। पदोन्नति पाने वाले सभी शिक्षकों में खुशी का माहौल है। यह उनके प्रयासों की मान्यता है।



शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश उन्हें नई ऊर्जा देता है। अब वे अपने स्कूल और छात्रों के लिए बेहतर काम करने का मौका पाएंगे। इस पदोन्नति से उन्हें जिम्मेदारी के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। संकुल केंद्र दुल्ला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए के सहयोग से पदोन्नति हुए प्रधानपाठक और व्याख्याता को श्रीफल,मोमेन्टो और पेन देकर सम्मानित किया गया। संबोधित करते हुए यादराम साहू शिक्षक ने कहा यहां आयोजन करने और सम्मानित करने के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाए को दिल से आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान संकुल केंद्र दुल्ला के सभी शिक्षक शिक्षिकाए सम्मिलित हुए। मंच का संचालन रामलाल ताण्डे ने की ।

## खबर संक्षेप

### सुमित व कल्याणी का राष्ट्रीय शैल्या प्रतियोगिता में चयन



**नवापारा-राजिम।** परसदा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 9वीं एवं 11वीं के छात्र का राष्ट्रीय सैल्य क्रीड़ा में चयन हुआ है यह जानकारी देते हुए शाला विकास समिति के अध्यक्ष टीकू टिकेश्वर यादव ने बताया कि सुमित साहू कक्षा ग्यारहवीं के छात्र है जो राज्यस्तरीय तैराकी की प्रतियोगिता कोरबा में प्रथम स्थान हासिल किया है वहीं कुमारी कल्याणी तारक कक्षा नौवीं की छात्रा है जो तवा फेंक में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जगदलपुर में प्रथम आई है। सुमित को सैल्य क्रीड़ा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिल्ली में भाग लेना है वही कल्याणी को एमपी के इंदौर में भाग लेना है। इन दोनो बच्चो को प्राचार्य कविता दीवान, हरिशंकर साहू, धनेश्वरी साहू, रत्नाकर, सरपंच रमेश वर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मालत ने बधाई दी है।

51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए स्थल को पवित्र करने आज होगा भूमिपूजन

कोपरा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान से राष्ट्र शौर्य समृद्धि के लिए नगर के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में शीतकालीन सत्र में गायत्री महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए यज्ञ स्थल को पवित्र करने के लिए आज रविवार को भूमिपूजन किया जाएगा। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ जोन प्रमुख श्रीमती आदर्श वर्मा, चतुर्भुज सिर कट्टी आश्रम के महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण महाराज, पूर्व सांसद एवं भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, विधायक रोहित साहू, पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री अमितेश शुक्ला, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, आओ गढ़े संस्कार वान पीढ़ी के प्रांत प्रमुख सरला कोसरिया, गायत्री परिवार के उपजोन प्रमुख सी पी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, उपाध्यक्ष तारिणी सेन, जिला समन्वयक टीकम राम साहू, जिला संगठन समन्वयक रोमन चंद्राकर आदि शामिल होंगे।

### डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंम्बेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर,जया चंद्राकर उपस्थित थे। इस दौरान भूषण चंद्राकर ने कहा कि डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक, भारत रत्न से अलंकृत बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय की अद्वितीय मिसाल है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर एक समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लिए है। डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि हर साल 6 दिसंबर को मनाई जाती है।

### परकोम में दो दिवसीय मानस गान महोत्सव 13 और 14 दिसंबर को

**नर्रा।** ग्राम परकोम में दो दिवसीय मानस गान महोत्सव 13 व 14 दिसंबर को आयोजित किया गया है। जिसमें आमंत्रित मानस मंडलियों में प्रज्ञा मानस परिवार सोरिद खुर्द गरियाबंद, दाई के दुलार मानस परिवार कन्हारपुरी गुरूर, साई कृपा मानस परिवार जीवतरा, रागिनी मानस परिवार ओडेकेरा जैजैपुरी, संगम मानस परिवार परकोम, वत्सल मानस परिवार बागबाहरा, जय कपिस मानस परिवार आमाकोनी महासमुंद, पावन धारा मानस परिवार मठपुरैना रायपुर, जय सिद्धेश्वर मानस परिवार देवर तिल्दा शामिल हैं।

### खेत में अन्न माता की पूजा कर मनाया बढ़ोना की रस्म

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ किसानों की संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है, जो धान कटाई के बाद प्रकृति और अन्नदाताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते है। ग्राम बिरकोनी में धान की कटाई से किसान परिवार ने उत्सुकता जाहिर की हैं।

**सौगात:** स्व. पं. रामविशाल पांडे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया स्कूल भवन और भारत माता प्रतिमा का लोकार्पण

# शिक्षा, विकास और सुशासन से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर: विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





शनिवार को शहर के बहुत ही प्रतिष्ठित शासकीय रामबिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रोहित साहू का शाला परिवार एवं स्थानीय नागरिको ने टीका एवं बैज लगाकर पुष्प माला पहनाकर शानदार स्वागत किया। विधायक श्री साहू यहां जीर्णोद्धार भवन का लोकार्पण एवं भारत माता की प्रतिमा का अनावरण करने के पहले स्कूल गेट के ठीक सामने स्व पंडित रामविशाल पांडे के प्रतिमा में बहुत ही श्रद्धा के साथ माल्यार्पण कर शीष झुकाया। बता दें कि इस स्कूल के लिए स्व पांडे ने मेन रोड से लगे अपनी बेशकीमती जमीन दान में दी थी।

विधायक के इस श्रद्धा भाव को स्थानीय लोगो ने देखा कहा कि विधायक हो तो ऐसा। वैसे इस स्कूल में पूर्व के वर्षो में कई बड़े-बड़े नेता कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे लेकिन अधिकतर नेताओं का ध्यान पंडित पांडे की प्रतिमा की ओर नही गया। माल्यार्पण करने के बाद विधायक श्री साहू ने जीर्णोद्धार भवन एवं भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया। जिले का यह पहला स्कूल है जहां भारत माता की प्रतिमा का अनावरण हुआ है। मंच में पहुंचते ही विधायक रोहित साहू ने अपने पुराने दिनो की याद करते हुए कहा कि मै भी इसी स्कूल से पढ़-लिखकर निकला हूं। बताया कि अपने गांव पिपरछेड़ी से पढ़ने के लिए यहां आते थे। उस समय शहर के छात्रो का दबदबा रहता था। देहात गांव से आने वालो को देहाती समझते थे। विधायक श्री साहू ने अपने उदबोधन के दौरान बहुत ही मार्मिक बाते कही।

बच्चो की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि दुनिया में पढ़ाई ही सार है और पढ़ाई के साथ ही अपना लक्ष्य भी निर्धारित कर लें कि आगे क्या बनना है? इस स्कूल ने एक तरफ बड़े-बड़े अफसर भी दिए तो दूसरी तरफ राजनेता भी। यहां से पढ़कर निकलने वाले दो छात्र विधायक बने जिसमें एक तो मै स्वयं हूं और दूसरा संतोष उपाध्याय। पालको की ओर मुखातिब होते हुए विधायक श्री साहू ने बच्चो की पढ़ाई के प्रति कुछ ज्यादा ही ध्यान देने की बात कही। एक तरफ सरकारी स्कूल और दूसरी ओर प्रायवेट स्कूल, दोनो के अंतर को समझने की जरूरत है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरह सरकार के खर्च पर होती है, जिससे माता-पिता निश्चिंत रहते हैं, जबकि निजी स्कूलों में पढ़ाई के साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे आज से ही अपना लक्ष्य तय करें कि उन्हें डॉक्टर, कलेक्टर, इंजीनियर, नेता या समाजसेवक बनना है। जो लक्ष्य रखोगे उसके लिए कड़ी मेहनत और पूरी तरह लगन से पढ़ाई करना होगा। कहा कि आज की बेटियां कल का भविष्य हैं। विधायक श्री साहू ने बच्चो के प्रति बहुत ही संवेदनशीलता की भावना रखते हुए बच्चो के सिर पर हाथ फेरे तो छोटे बच्चो से उनका मनोबल बढ़ाने के लिए हाथ भी मिलाया। बच्चे भी बेझिझक विधायक से बात करते रहे।

विधायक ने एक बहुत ही मासूम बच्चा जो 3 साल का रहा होगा उनसे यूं ही पूछ लिया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कौन है। बच्चा का जवाब था विष्णुदेव साय। इतने में विधायक का दूसरा सवाल था मै कौन हूं बच्चा ने बहुत मासुमियत से जवाब दिया आप बड़े पापा है। वो तो ठीक है नाम क्या है मेरा बच्चा का जवाब था रोहित साहू। बच्चो से हिलमिलकर बात करने वाला ऐसा जनप्रतिनिधि विधायक लोगो ने पहली बार देखा। उदबोधन के दौरान विधायक श्री साहू ने कहा कि आप लोगो ने सुशासन की सरकार बनाया है लिहाजा पूरे प्रदेश में बहुत तेजी के साथ विकास कार्य हो रहे है। पहले क्या स्थिति थी आप सबको पता है। पिछले 5 सालो में क्षेत्र की सड़को के न तो गढ्ढे भरे थे और न ही कहीं डामर लगा था। उनके पाप को आज हम लोग ठीक कर रहे है। राजिम विधानसभा में आपने बदलाव किया अपने बेटा को विधायक बनाया तथा छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाया। सीएम विष्णुदेव साय सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है हर काम यहां अच्छा हो रहा है। विकास कार्यो की बौछार लगी हुई है। नदी किनारे में पुल से लेकर नया मेला मैदान तक शानदार सड़क बनेगा। कोपरा-पोखरा मार्ग बन ही रहा है। गरियाबंद मुख्यालय में सड़क चौड़ीकरण के लिए 48 करोड़ रूपया स्वीकृत हुआ है। राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद रोड जबर्दस्त बनेगा। विधायक श्री साहू ने स्कूल में प्रार्थना शेड के लिए 10 लाख रूपए स्वीकृत किया तथा सभी कमरो में फॉल सिलिंग के लिए घोषणा की। कहा कि जो-जो जरूरते होंगी उन सभी कार्यो को पूरा करेंगे। रंगमंच के लिए भी उन्होने घोषणा किया।

### ईमानदारी,मेहनत और लगन से करें पढ़ाई: नपं अध्यक्ष

समारोह की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने बच्चो से कहा कि ईमानदारी,मेहनत और लगन से पढ़ाई करे। विधायक श्री साहू राजिम के विकास के बारे में हमेशा चिंतन करते है और नगर का विकास उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से हो रहा है। समारोह में विशेष रूप से मौजूद जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि वार्षिकोत्सव में बच्चो के भीतर छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने आने का मौका मिलता है। सबसे बेहतर जीवन विद्यार्थी जीवन होता है। स्कूल मां सरस्वती जी का मंदिर है। मन लगाकर पढ़ाई करे और आगे बढ़े। माता-पिता और गुरूओं का सम्मान करे।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ,मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ,सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, जनभागीदारी अध्यक्ष सुजाता-विवेक शर्मा ,सभापति आकाश राजपूत,भरत यादव,बलराम यादव, तुषार कदम,जानकी पटेल,सुरज पटेल, सुश्री छाया राही,खुशी साहू,देवकी साहू, मधु नत्थानी,संजीव साहू,सोमनाथ पटेल, तथा प्राचार्य संजय एक्का ,भंवरलाल ध्रुव ,एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा,सुभाष शर्मा, समीक्षा गायकवाड़,सीखा महाड़िक,अंजु मारकंडे सहित बड़ी संख्या में स्कूल स्टॉफ एवं शहरवासी मौजूद थे।



## टेंगानाबासा में मना वनोपज समिति का रजत जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम टेंगानाबासा में लघु वनोपज सहकारी समिति मे सरकार के उपलब्धियों को लेकर रजत जयंती समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रतिनिधि व आदिवासी नेता नीलकंठ सिंह ठाकुर थे अध्यक्षता वरिष्ठ संचालक मोहन पटेल ने किया विशेष अतिथि संचालक धनेश ध्रुव, प्रबंधक रोमन नागेश प्रमुख रूप से उपस्थित थे। तेंदुपत्ता सग्राहकों, फड़ मुंशी व अन्य उपस्थित जनों को सम्बोधन मे मुख्य अतिथि ठाकुर ने कहा की प्राचीन काल मे वनोपज एक मात्र जीवकोपार्जन के संसाधन थे।और आज भी हमारा जीवन बनो से आश्रित है इसकी संरक्षण और संबर्धन अति आवश्यक है। इस अवसर पर फड मुंशी रेवा राम ध्रुव, सेवक राम ठाकुर, युगल किशोए ध्रुव सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## फेडरेशन ने की विषय आधारित प्रशिक्षण को रद्द करने की मांग

**पांडुका।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला गरियाबंद के अध्यक्ष एम एल तारक ने अभी 5 तारीख को विकासखंड श्रोत समन्वयक छुरा द्वारा नवीन पुस्तकों पर आधारित विषय आधारित प्रशिक्षण के आदेश को रद्द करने की मांग की है, क्योंकि अभी अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगी हुई है साथ ही 11 दिसंबर से अर्धवार्षिक परीक्षा का समय सारणी भी घोषित हो चुका है। वैसे भी युक्तिकरण के बाद शालाओं में शिक्षकों की कमी है, अब इस स्थिति में शिक्षक विषय प्रशिक्षण ले कि परीक्षा संपन्न करे कि मतदाता सूची का कार्य करें। अर्धवार्षिक परीक्षा में अधिकांश प्रधान पाठकों व शिक्षकों की ड्यूटी केंद्र अध्यक्ष के रूप में लगाई जाती है ऐसे में



शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक से तत्काल इस प्रशिक्षण को रद्द करने की मांग की है। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से संभागीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, जिला सचिव डोरेश कुमार मेहरा, कोषाध्यक्ष सोहन सेन वरिष्ठ सदस्य खेमलाल यादव, डायमंड बेस, किशोर कुमार साहू, हरीश कुमार तारक, सुरेश शर्मा, विनोद कुमार वर्मा , तारिणी शर्मा, निर्मला शर्मा एवं अर्चना शर्मा शामिल है।

## धान खरीदी में अव्यवस्था का आरोप नीलकंठ बोले-किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



- एग्रोस्टेक पोर्टल और आनावरी रिपोर्ट में गड़बड़ी से किसानों का रकबा व पैदावार कटने का दावा
- ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से बढ़ी दिक्कतें, सर्व पार्टी मुक्त किसान संगठन बनाने की घोषणा

ब्लॉक कांग्रेस किसान अध्यक्ष एवं आदिवासी नेता नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को धान बेचने से वंचित करने जैसी स्थिति बना रही है,न तो शासन गंभीर है और न ही भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को किसानों की चिंता है भाजपा सरकार को किसानों की समस्याएं दिखाई ही नहीं दे रही, हर धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन मात्र 10-15 किसान ही धान बेच पा रहे हैं किसान लगातार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधि समाधान के लिए शासन-प्रशासन को साधारण पत्रचार तक करना आवश्यक नहीं समझ रहे, एग्रोस्टेक पोर्टल के नाम पर किसानों का रकबा काटा जा रहा है।

आनावरी रिपोर्ट के नाम पर फसल की पैदावार काटी जा रही है, बहुत बड़ी चुनौती किसानों के सामने है आगे नीलकंठ ठाकुर, दीपक चन्द्राकर ने कहा कि बिजली की समस्या अलग है, जमीन के जो दाम बढ़े हैं उसकी लड़ाई अलग है, भाजपा सरकार के पास धान खरीदी को लेकर कोई उचित व्यवस्था नहीं हैं सुबह 8 बजे से किसान टोकन तुहर द्वार मोबाईल एप में लगे रहते हैं जब एप खुलता है तो टोकन फुल हो जाता है, किसानों को ऑनलाइन टोकन नहीं मिल रहा है किसान टोकन के लिए सोसाइटी में भटक रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा धान खरीदी को लेकर पूरे क्षेत्र में अव्यवस्था का आलम है। ऐसे कई किसानों की समस्या को लेकर ब्लाक मे सर्व पार्टी मुक्त स्वतंत्र किसान संगठन का गठन किया जायेगा जो केवल किसानों के हर समस्याओ को प्रमुखता से उठाते हुए शांसन प्रसान को अवगत कराते हुए मांग करेंगी।

## विधायक ने पत्रकारों का किया सम्मान ...




राजिम। शनिवार को शास रामविशाल पांडे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में विधायक रोहित साहू ने स्थानीय पत्रकारो का स्वागत सम्मान शॉल श्रीफल एवं बुके भेंटकर किया। जिसमें विशेष रूप से वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी, कामेश्वर गोस्वामी, प्रकाश वर्मा, सोनु यादव सहित अन्य शामिल थे।

## साहू समाज है मेहनती, संस्कारी एवं संगठित : मंत्री खुशवंत

**अभनपुर।** परिक्षेत्र साहू समाज का ग्राम सारखी मे नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह एवं भवन लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि क्षेत्रीय विधायक एवं समाज के संरक्षक इंद्र कुमार साहू ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू एवं राजिम विधायक रोहित साहू, अतिविशिष्ट अतिथि, जिला साहू समाज रायपुर अध्यक्ष देवनाथ साहु, तहसील अध्यक्ष ब्रम्हानंद साहू अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने संत माता कर्मा के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहब ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज मेहनती, संस्कारी एवं संगठित समाज है। इसी एकता और मेहनत के कारण समाज निरंतर प्रगति कर रहा है। आज देश और प्रदेश की बागडोर साहू समाज के हाथों में होना गौरव की बात है। विधायक श्री साहू एवं अतिथियों ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने अपने सुझाव दिये तथा समाज के उत्थान के लिए नियमों में आवश्यक सुधार कर समाज को और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में परिक्षेत्र के 33 ग्रामों के अध्यक्षों तथा सर्व समाज के अध्यक्षों को साहू समाज द्वारा फूलमाला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। मंत्रियों एवं विधायकों के आगमन पर ग्रामीणों और समाजजन ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन कुमार गुरुपंच, उपाध्यक्ष नेतराम साहू, महिला उपाध्यक्ष हेमलता साहू, संगठन सचिव मानसिंह साहू, महिला संगठन सचिव लेख प्रभा साहू सहित कुल 135 पदाधिकारियों को विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर पर सभी अतिथियो को सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम मे जपं.उपाध्यक्ष खेलूराम साहू , सरपंच भुपेन्द्र नेताम, भोजराम साहु,बीरेन्द्र साहू, टेकचंद साहू, राघवेन्द्र साहु, बिहारी लाल साहू,घासुराम साहू, ईश्वर साहु, नरोत्तम साहु, बैसाखू साहु, व्यास नारायण साहु, मनीष साहु, श्रीमति मीना साहू, श्रीमति जानकी साहू, रूपनारायण साहु, रामा साहू,नारायण साहू, किशोर साहु, रामसिंग साहु, यशवंत साहु फतीश साहु सहित क्षेत्र के 33 ग्रामो के समाजिक लोग व अन्य समाज के लोग बड़ी संख्या मे सम्मिलित रहे।

छात्रों ने ग्रामीण बैंक शाखा में खातों से लेकर ऋण और सुरक्षा उपायों तक सीखी बारीकियां

# छात्रों का बैंकिंग शैक्षणिक भ्रमण, व्यावहारिक ज्ञान से हुए समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक बैंक के विभिन्न गतिविधियों को देखा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में समग्र शिक्षा द्वारा संचालित व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत बीएफसीआई (बैंकिंग) के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा मैनपुर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। बैंक पहुंचते ही बैंक के शाखा प्रबंधक आरके पंडित ने सभी बच्चों का स्वागत किया।

सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक बैंक के विभिन्न गतिविधियों को देखा एवं समझा। साथ ही साथ बच्चों द्वारा बैंक के शाखा प्रबंधक श्री आर.के. पंडित से बैंक के उत्पाद से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न करके अपने शंकाओं का समाधान किया। बैंक के प्रबंधक श्री आर. के. पंडित एवं कैशियर देव कुमार एवं श्री निखिल सर बच्चों को खाता के प्रकार, ऋण एवं ऋण के प्रकार, बीमा, जमा पर्ची, निकासी पर्ची, केवाइसी की जानकारी, एनपीए, एटीएम, चेकबुक, पासबुक, लॉकर सुविधा, के साथ-साथ बैंक से संबंधित होने वाली धोखाधड़ी की जानकारी, एवं उससे बचने के उपाय के बारे में जानकारी दिया गया। अंत में शाखा प्रबंधक श्री आर.के. पंडित सर के द्वारा सभी विद्यार्थियों को अपने तरफ से पेन वितरण किया गया। भ्रमण विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य गोविंद राम परस एवं वरिष्ठ शिक्षक गोविंद पटेल के निर्देशन एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक श्री चंद्रिका शंकर साहू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शाखा के कर्मचारी आदि भी उपस्थित थे।



